दिन– शुक्रवार                                                  दिनांक– 09 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधि– 15 मिनट

---

01. पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता। हॉकी में भारतीय टीम ने बावन साल बाद लगातार दूसरा कांस्य पदक हांसिल किया।

02. पूरे देश में एक सप्ताह तक चलने वाला हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू।

03. मखाना उत्पादन में कटिहार जिले ने बारह हजार नौ सौ मिट्रिक टन उत्पादन के साथ विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, गंडक, बागमती और परमान नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर। पटना के दानापुर और मोकामा के दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैला।

---

पेरिस ओलिंपिक में, भारतीय एथलीट, नीरज चोपड़ा ने कल रात पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया है। नीरज ने सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ, नवासी दशमलव चार–पांच मीटर थ्रो करके यह स्थान प्राप्त किया। वहीं, हॉकी में भारतीय टीम ने बावन साल बाद लागातार दूसरी बार कांस्य पदक हांसिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक हासिल करने पर नीरज चोपड़ा और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी है।

---

और, अब पेरिस ओलंपिक में आज होने वाली स्पर्धाओं पर एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से पंद्रह अगस्त तक चलाया जायेगा। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र

सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और तेरह अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। हर घर तिरंगा अभियान वर्ष दो हजार बाईस में शुरू किया गया था।

———बाईट———

देश के हर घर तक तिरंगा पहुंचे सम्मान के साथ तिरंगा फहराया जाए। इस बार भी 9 से 15 तारीख तक तिरंगा उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें अनेक कार्यक्रम होंगे। देश के सभी प्रमुख भागीदार इसके साथ जुडकर के और आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए यह एक सफल आयोजन हो और पूरा विश्व एक बार फिर भारत की सामूहिकता की शक्ति को अनुभव कर सके।

---

वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून के आगे की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास इस विधेयक के बारे में छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

———बाईट———

अपने सरकार की ओर से हम पक्ष रखना चाहते हैं कि ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी गठन करके इस बिल को रिफर किया जाए और फिर ऑल पार्टी अपने शंका के हिसाब से वहां पर विस्तार से चर्चा करें। इस कमेटी को अधिकृत रूप से यहां से आप पास कर दीजिए और भविष्य में हम खुले मन से इस तरह का आप का सजेशन हम जरूर सुनेंगे लेकिन देश के लिए जो सही है, हम जरूर करेंगे।

श्री रिजीजू ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य धार्मिक निकाय के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं है।

———बाईट———

इस बिल में जो भी प्रावधान हैं आर्टिकल 25 से लेकर के 30 तक किसी रिलिजस बाडी का जो फ्रीडम है, उसमें कोई भी हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है न ही संविधान का किसी भी अनुच्छेद का इसमें उल्लंघन किया गया है। इसमें हम लोग जो ब्राड पेश किया है। किसी का हक छिनना तो बात छोड दीजिए, जिनको हक नहीं मिला है उनको हक देने के लिए यह बिल लाया गया है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह कानून सच्चर समिति और पिछली सरकारों की विभिन्न समितियों की सिफारिशों के अनुसार लाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्डों के कामकाज में कई खामियां हैं और कुछ लोगों ने इन बोर्डों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि विधेयक हितधारकों के साथ बिना उचित परामर्श के लाया गया है।

---

संसद ने वित्त विधेयक, विनियोग विधेयक, तथा जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल इन विधेयकों को पारित कर दिया। लोकसभा पहले ही इसे पारित कर चुकी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि सरकार कोविड के बाद से लगातार पूंजीगत व्यय पर ध्यान देकर अधिक से अधिक राशि खर्च कर रही है। राज्यसभा में उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में प्रभावी पूंजीगत व्यय पंद्रह लाख दो हजार करोड़ रुपये यानी अठारह प्रतिशत रहा है।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी मठो, मंदिरों और ट्रस्ट का राज्य धार्मिक बोर्ड के अधीन निबंधन अनिवार्य कर दिया है। विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इन धार्मिक संस्थाओं की अचल संपत्ति बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। विधि मंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निबंधन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया है।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल और उनकी कंपनियों की एक सौ तेरह करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त की है। इस मामले में ईडी ने जांच के दौरान अमित कात्याल को पिछले साल गिरफ्तार किया था।

---

मखाना उत्पादन में कटिहार जिले ने विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राज्य सरकार के उद्यान निदेशालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कटिहार जिला बारह हजार नौ सौ मिट्रिक टन मखाना के उत्पादन के साथ सूची में पहले स्थान पर है। वही, पूर्णियां जिला ग्यारह हजार छह सौ बावन मिट्रिक टन मखाना उत्पादन के साथ दूसरे, जबकि दरभंगा जिला तीसरे स्थान और मधबुनी जिला मखाना उत्पादन में चौथे स्थान पर हैं।

---

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रदेश के किसानों को पैक्सों और व्यापार मंडलों में धान बेचने पर बोनस दिया जाएगा। पटना में विभागीय योजनाओं और

बजट व्यय की समीक्षात्मक बैठक में श्री कुमार ने कहा कि इस संबंध में सहकारिता और खाद्य आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग में सहमति बन गयी है। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग की सहमति मिलने पर इस प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और परमान नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर पटना, बक्सर, भागलपुर, कटिहार और मुंगेर समेत कई स्थानों पर तेजी से बढ़ रहा है। नदी पटना के गांधी घाट पर खतरे के निशान से दस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, दीघा घाट और हाथीदह में नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर के पार पहुंच गया है। दानापुर और मोकामा के दियारा क्षेत्र में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इससे तट पर लगी फसलें जलमग्न हो गयी है। बढ़ते जलस्तर के मद्देनज़र ज़िला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इधर, अररिया में परमान सहित कई बरसाती नदियां उफान पर है। एक रिपोर्ट—

———बाईट——

मॉनसूनी बारिश के कारण जगह—जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इसके चलते आवागमन और जन – जीवन प्रभावित हुआ है। परमान नदी सहित सभी छोटी – बड़ी और बरसाती नदियां उफान पर हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

इधर, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में लाल निशान के ऊपर बह रही है। सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि नदी का जलस्तर सोनाखान, डुब्बाघाट ओर कटौझा में खतरे के निशान से उपर पहुंच गया है। वहीं, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से लगभग तीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक खगड़िया में खतरे के निशान के पास पहुंच गयी है।

---

मौसम विभाग ने आज बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और गया समेत पांच जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान दक्षिण और उत्तर—पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———बाईट———

इधर, कल देर रात पटना और उसके आस—पास के क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश के समाचार हैं। तेज बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली है। वहीं, शहर के निचले इलाकों में जल—जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने ट्रेन से गिरकर होने वाली मौत पर आठ लाख रूपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सुनील दत्त मिश्रा की एकल पीठ ने एक याचिका की सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। न्यायालय ने रेल मंत्रालय की ओर से जारी गजट अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि यदि ब्याज सहित मुआवजा राशि आठ लाख रूपये से कम है, तो मृतक के परिजनों को कम से कम आठ लाख रूपये का मुआवजा देना होगा।

———————————————————

रेलवे ने पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन तेरह से सत्ताईस अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जाएगी। स्पेशल ट्रेन रक्सौल से सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, आरा और बक्सर होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक जाएगी। वहीं, अन्य सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन आज से तीस अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को रक्सौल से रवाना होगी।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों को छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। विभाग के अनुसार विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षक मिलने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पेरिस ओलंपिक में जेवलिन थ्रो में भारत को रजत पदक और हॉकी में कांस्य पदक की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – एक दिन में देश को मिले दो पदक। नीरज के भाले से भारत को चांदी। हॉकी में भारत को बावन वर्ष बाद लगातार दूसरा पदक।

**प्रभात खबर** ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – पेरिस में भारत को दोहरी खुशी।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – भारत में शरण मांगने पहुंचे सैंकड़ों बांग्लादेशियों को बीएसएफ ने लौटाया।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – बक्सर से कहलगांव तक गंगा उफान पर। उत्तर बिहार की नदियां भी चढ़ीं।

**आज** अखबार की सुर्खी है – संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश।

**राष्ट्रीय सहारा** ने इसी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– केन्दीय मंत्री रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया वक्फ संशोधन विधेयक। उन्होंने कहा– मुस्लिम महिलाओं, बच्चों को मिलेगा न्याय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता। हॉकी में भारतीय टीम ने बावन साल बाद लगातार दूसरा कांस्य पदक हांसिल किया।

02. पूरे देश में एक सप्ताह तक चलने वाला हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू।

03. मखाना उत्पादन में कटिहार जिले ने बारह हजार नौ सौ मिट्रिक टन उत्पादन के साथ विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, गंडक, बागमती और परमान नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर। पटना के दानापुर और मोकामा के दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैला।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।